Trust Regd. No.: 642/17 Dated: 02-11-2017

Mob.: 914067016[illegible] 80

(Registered under Trust Registration Act 1882)

R.S. GLOBAL EDUCATIONAL TRUST

Address : 18-A Jagannathpuri Colony, Kamta, Chinhat, Lucknow Pin 226 028

Ref. No. ....

Dated : ....

कार्यवाही की सत्यप्रतिलिपि

आज दिनांक 30–06–2022 दिन ब्रहस्पतिवार को पूर्व सूचनानुसार आर0 एस0 ग्लोबल एजूकेशनल ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक समय प्रातः 11 बजे ट्रस्ट कार्यालय पर अध्यक्ष श्री श्याम पचौरी की अध्यक्षता में आहूत की गयी जिसमें श्रीमती शैलेन्द्री शर्मा (उपाध्यक्ष न्यासी) भी उपस्थित हुई। सभी सदस्य उपस्थित हैं कोरम पूरा है।

प्रस्ताव संख्या – 1 **पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार**– पिछली कार्यवाही संस्था अध्यक्ष श्री श्याम पचौरी ने पढ़कर सुनाया जिसकी सभी पदाधिकारियों ने पुष्टि की गयी।

प्रस्ताव संख्या –2 **ट्रस्ट द्वारा फार्मेसी कालेज खोलने हेतु माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में अपील पर विचार**– ट्रस्ट की उपाध्यक्ष श्रीमती शैलेन्द्री शर्मा द्वारा यह बताया गया कि ट्रस्ट द्वारा फर्मोसी कॉलेज खोलने के लिये दिल्ली हाई कोर्ट में रिट–डब्लू.पी.(सी.)/9516/2020 दाखिल की गयी थी। अपील में पी.सी.आई. को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेशित किया गया है कि जल्द से जल्द पोर्टल खोलकर नये कॉलेजों को मान्यता प्रदान करने का कार्य किया जाये।

प्रस्ताव संख्या – 3 **प्राविधिक शिक्षा परिषद (बी0टी0ई0) द्वारा नये कॉलेज खोलने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र (सहमति पत्र) प्राप्त करने पर विचार** – बैठक में ट्रस्ट की उपाध्यक्ष श्रीमती शैलेन्द्री शर्मा द्वारा यह बताया गया कि डी0 फार्मा कॉलेज खोलने के लिए प्राविधिक शिक्षा परिषद (बी0टी0ई0) लखनऊ से अनापत्ति प्रमाण–पत्र (सहमति पत्र) लेना आवश्यक है जिसके लिये ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री श्याम पचौरी जी को अधिकृत किया जाता है कि वह सहमति पत्र प्राप्त करने के लिये आवश्यक दस्तावेज परिषद में प्रस्तुत करें और उसकी सूचना सभी सदस्यों को समय–समय पर अवगत कराते रहें। सर्वसम्मति से श्री श्याम पचौरी जी को अनुमति प्रदान की गयी।

बैठक में अन्य कोई प्रस्ताव पटल पर न होने के कारण अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यबाद दिया एवं ईश्वर से वन्दना के साथ सभा समापन की घोषणा की।

हस्ताक्षर –

(श्याम पचौरी)
अध्यक्ष

शैलेन्द्री शर्मा
(श्रीमती शैलेन्द्री शर्मा)
उपाध्यक्ष

President
R.S. Global Educational Trust
18-A, Jagannath Puri Colony
Kamta, Chinhat, Lucknow